# श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर

## स्टेनोग्रॉफर–III सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के फेज–II के संबंध में दिशा–निर्देश

स्टेनोग्रॉफर–III सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के द्वितीय चरण (Phase-II) की परीक्षा दिनांक 02.03.2024 को अंग्रेजी /हिन्दी आशुलिपिक परीक्षण श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी फेज-II परीक्षा के दिन सुबह 8.30 बजे परीक्षा स्थल पर अपनी उपस्थिति देकर दस्तावेज सत्यापन का कार्य करवायेगें तथा साथ ही परीक्षा हेतु भाषा का विकल्प (हिन्दी/अंग्रेजी) चुनना अनिवार्य होगा। इन पदों की भर्ती हेतु जोब टेस्ट में टंकण गति एवं परीक्षण परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जायेगा,

**परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, परीक्षा की प्रक्रिया, मूल्यांकन संबंधी मानदंड, अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगे :–**

## क – आशुलिपी परीक्षण (Speed Test) के सामान्य दिशा निर्देशः–

- अंग्रेजी /हिन्दी अनुच्छेद का 10 मिनट का वाचन किया जावेगा जिसकी गति 80 शब्द प्रति मिनट रहेगी।
- अभ्यर्थी अपनी चुनी हुई भाषा में उस वाचन को सुनकर परीक्षा स्थल पर उपलब्ध कराई गई नोट बुक में संकेत लिपि में उसका श्रुति लेखन करेगा।
- श्रुत लेख में अर्द्ध विराम को कोमा (,), पूर्ण विराम को स्टोप तथा अनुच्छेद परिवर्तन (पैराग्राफ चेंज/नेक्स्ट पैराग्राफ) को पैरा बोला जायेगा।
- अभ्यर्थी को हिन्दी/अंग्रेजी के प्रति लेखन एवं टंकण कुल 800 (80 शब्द प्रति मिनट/10 मिनट) शब्दों का होगा। अभ्यर्थी स्वयं द्वारा लिखे गये श्रुति लेख का प्रतिलेखन एवं टंकण कम्प्यूटर पर करेगा।
- हिन्दी भाषा के लिए प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु 65 मिनट का समय दिया जावेगा। अंग्रेजी भाषा के लिए प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु 50 मिनट का समय दिया जावेगा।
- अंग्रेजी /हिन्दी में प्रत्येक अभ्यर्थी को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है अन्यथा वह अनुतीर्ण माना जायेगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा किये गये प्रतिलेखन एवं टंकण कार्य के मूल्यांकन हेतु अंकों की गणना प्रक्रिया में निम्नांकित त्रुटियों के अंक नहीं दिये जायेगें :–
    - गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
    - वर्णों, शब्दों या अंकों का छूटना
    - शब्दों या अंकों के स्थान पर दूसरे शब्दों या अंकों का प्रतिस्थापन करना
    - वर्णों, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
    - विराम चिह्नों का यथावत प्रयोग नहीं करना
    - शब्द – अंतराल में त्रुटि करना

- अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
- हिन्दी में मात्राओं का यथावत प्रयोग नहीं करना
- अंगेजी प्रतिलेखन एवं टंकण के लिए "Times New Roman" तथा हिन्दी के लिए DevLys 010 फोंट का प्रयोग किया जायेगा ।

## Hindi Keyboard




**नोटः – यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें। की–बोर्ड (Keyboard) की कुछ Keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न (Different) हो सकती है। उक्त की–बोर्ड (Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया है, अभ्यर्थी को DevLys 010 हिन्दी फोंट ही हिन्दी परीक्षा हेतु उपयोग करना है।**

- परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।
- अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कृप्या सुनिश्चित कर लेवें कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा हैं तथा की बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहें हैं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
- आशुलिपिक परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का ही उपयोग किया जायेगा।
- अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रूकेगा, अतः अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये प्रश्न पत्र को पूर्ण रूप से सही टाईप / प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।
- परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।
- अभ्यर्थी अपना कोई की–बोर्ड एवं कोई की – बोर्ड स्टीकर साथ लेकर नहीं आवें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के की–बोर्ड स्टीकर की अनुमति नहीं है।

- कम्प्यूटर पर परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वयं जिम्मेदार होगें।
- टंकण गति परीक्षण में यदि अभ्यर्थी ने किसी शब्द को गलत टंकित कर दिया है और वह उसमें सुधार करना चाहता है तो Back Space का उपयोग कर समय पूर्व सुधार कर सकता हैं।
- परीक्षा में किसी शॉर्टकट की का प्रयोग नहीं करें।
- पूरी टंकण परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।
- यदि किसी कारण से हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है तो अभिजागर को तुरन्त सूचित करें।

REGISTRAR
Sri Karan Narendra Agriculture University
Jobner-303329